# एचबीटीयू का स्टार्टअप देश भर में रहा अव्वल

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

गर्भवती महिलाओं को बचाने वाले एचबीटीयू के छात्रों के स्टार्टअप ने ऑल इंडिया ई-समिट आईआईटी बीएचयू में खिताब जीता है। स्टार्टअप के विला मैट कनेक्ट डिवाइस को प्रथम स्थान मिला है। छात्र-छात्रा की टीम ने 40 घंटे में स्टार्टअप बनाकर प्रतियोगिता जीती है।

एचबीटीयू स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर एके राठौर ने बताया कि एक और दो फरवरी को ऑल इंडिया ई-समिट आइडियाथॉन हुई। इसमें प्लास्टिक टेक्नोलॉजी की छात्रा सलोनी मौर्या और कंप्यूटर साइंस के छात्र शुभम कुमार ने एचबीटीयू की ओर से हिस्सा लिया। सलोनी ने बताया कि फाइनल राउंड में पूरे देश की 10 टीमें पहुंचीं। इसमें उनके स्टार्टअप विला आइडिया को पहला पुरस्कार मिला।

इसमें उन्होंने गर्भवती महिलाओं की मौतों को रोकने के उपाय का स्टार्टअप आइडिया पेश किया था। इसे मैट कनेक्ट डिवाइस बनाकर गर्भवती महिला के हाथ में पहनाया जाएगा। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे की पूरी स्थिति डिवाइस पर आ जाएगी। इससे उसको बेहतर इलाज मिल सकेगा। गर्भवती महिला की स्थिति भी डिवाइस के जरिए पता चलेगी। एचबीटीयू के प्रो. वीसी डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि एचबीटीयू के छात्रों ने पूरे देश में नाम रोशन किया है।



एचबीटीयू की विजेता टीम। • हिन्दुस्तान